दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 157 मुरादाबाद 02 October 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मेरे आत्मनिर्भर भारत के विजन का उड़ा था मजाक, 5G लॉन्चिंग पर बोले PM मोदी




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश में 5G सर्विस की लॉन्चिंग की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यह डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि में एक बड़ा कदम है। साथ ही, पीएम मोदी ने कहा कि कई लोगों ने आत्मनिर्भर भारत के मेरे विजन का मजाक उड़ाया था। कुछ लोग सोचते थे कि गरीब लोग डिजिटल का मतलब भी नहीं समझ पाएंगे।

### सरकार ने डिजिटल पेमेंट्स का रास्ता बनाया आसान

5G की सर्विस लांच करने के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपने देश के लोगों को समझता हूं और मुझे उनके विवेक व जिज्ञासु मन पर हमेशा भरोसा रहा है। हमारी सरकार ने खुद आगे बढ़कर डिजिटल पेमेंट्स का रास्ता आसान बनाया है। सरकार ने खुद ऐप के जरिए नागरिक केंद्रित डिलीवरी सर्विस को बढ़ावा दिया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने डिजिटल इंडिया के 4 स्तंभों के बारे में बात करते हुए कहा कि हमने पहले डिजिटल डिवाइस की कीमत, कनेक्टिविटी, डेटा की कीमत और डिजिटल के विजन पर खासा जोर दिया है।

### 21वीं सदी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक

5G सर्विस की लॉन्चिंग के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का यह ऐतिहासिक दिन है। 5G की यह तकनीक दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति लाएगी। यह डिजिटल इंडिया की सफलता है। यह देखकर खुशी हुई कि 5जी के लॉन्च के ऐतिहासिक कार्यक्रम में गांव शामिल हो सकते हैं। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि बात चाहे किसानों की हो या छोटे दुकानदारों की हमने उन्हें ऐप के जरिए रोज की जरूरतें पूरी करने का रास्ता दिया है। हमारे देश की जो ताकत है, इस ताकत को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

### भारत मोबाइल फोन का कर रहा है निर्यात

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा देश न केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता बना रहेगा बल्कि प्रौद्योगिकी के विकास में एक प्रमुख और सक्रिय भूमिका निभाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा देश मोबाइल फोन के निर्माण में दूसरे नंबर पर है और हम मोबाइल फोन का निर्यात भी कर रहे हैं। इन सभी प्रयासों ने देश में मोबाइल फोन को सस्ता भी बना दिया है।

### डिजिटल क्रांति है 5 जी

पीएम मोदी ने उद्योगों और स्टार्टअप्स से यह पता लगाने का आग्रह किया कि कैसे 5त्र को वीडियो को कॉल करने और देखने से परे रोजमर्रा की जिंदगी में लाया जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा, यह एक क्रांति बननी चाहिए। इसे केवल रील देखने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए।

### 2जी से 5जी का सफर

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में, भारत में केवल दो मोबाइल निर्माण इकाइयां थीं। यह संख्या अब 200 को पार कर गई है। भारत के आत्मनिर्भर होने से डेटा की लागत भी कम हो गई है। 2014 में 1त्नक्र डेटा की कीमत ?300 थी लेकिन अब यह ?10 हो गई है। पीएम मोदी ने कहा, इंटरनेट उपयोगकर्ता अब प्रति माह 14त्नक्रकी खपत करते हैं। 2014 में इसकी कीमत ?4,200 प्रति माह थी। लेकिन अब इसकी कीमत ?125 से ?150 के बीच है।

## मायावती को चुभ रहा है गिरता हुआ रुपया, पूछीं- अर्थव्यवस्था को संभालने में धन्नासेठ उद्योगपतियों की क्या भूमिका है



डॉलर के मुकाबले देश का रुपया लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। इस मामले पर उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारतीय रुपए में लगातार गिरावट को चुभने वाला संवेदनशील मुद्दा बताया है। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को संभालने में उद्योगपतियों की भूमिका पर सवाल भी उठाया है। शनिवार को एक के बाद एक ट्वीट कर मायावती ने कहा कि सरकारी कृपादृष्टि के कारण भारत के उद्योगपतियों की निजी पूंजी में अभूतपूर्व वृद्धि होने से अब विश्व के धन्नासेठों में उनकी गिनती हो रही है लेकिन देश में करीब 130 करोड़ गरीब और निम्न आय परिवारों के जीवन में थोड़ा भी सुधार नहीं होना अति-चिन्ता की बात है। सरकार इस खाई को कैसे पाटेगी? एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये के मूल्य में अनवरत गिरावट चुभने वाला संवेदनशील मुद्दा है। देश के विदेशी मुद्रा भण्डार में भी लगातार कमी की खबरें अब लोगों को विचलित करने लगी हैं। ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था को संभालने में यहां के उद्योगपतियों और धन्नासेठों की भूमिका क्या है, देश यह जानने को इच्छुक है। गौरतलब है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट के बीच विपक्ष लगातार मोदी सरकार को घेर रहा है। पिछले कुछ समय से कांग्रेस, सपा, बसपा और अन्य राजनीतिक दल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले के बयानों का उल्लेख कर डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट को सियासी मुद्दा बनाने की कोशिश में हैं।मायावती ने 23 सितम्बर को पहली बार रुपये के 81 प्रति डॉलर का स्तर पार करने पर प्रतिक्रिया में कहा था कि भारतीय रुपये की विश्व बाजार में लगातार गिरावट भले ही सरकार के प्रतिष्ठा से सीधे तौर पर न जुड़ी हो और लोगों को भी इसकी ख़ास चिन्ता न हो लेकिन इससे देश की अर्थव्यवस्था चरमराती है और मनोबल भी टूटता है। उन्होंने सरकार को रुपये के अवमूल्यन को हल्के में न लेने की सलाह दी थी।

## हर गांवों में 5-जी सेवा पहुंचाएगी एयरटेल, यूपी की जीडीपी बढ़ाने में मददगार बनेगा हाईस्पीड इंटरनेट- सीएम योगी



देशभर में 5-जी इंटरनेट सेवा के शुभारम्भ के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी गांवों में 5-जी इंटरनेट की हाईस्पीड सेवा पहुंचाने की जिम्मेदारी भारतीय एयरटेल को मिली है। उन्होंने कम्पनी से आह्वान किया कि जल्द से जल्द प्रदेश के हर गांव, कस्बा और घर तक इंटरनेट पहुंचाएं। इसमें जो भी मदद चाहिए, सरकार इसके लिए तैयार रहेगी। उन्होंने कहा कि गांवों में हाईस्पीड सेवा शुरू होने से सभी क्षेत्रों के विकास में गति आएगी, जिससे न केवल प्रदेश की जीडीपी बढ़ेगी। बल्कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से आमजन जीवन स्तर पर भी सुधरेगा और सरकार एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर रुद्राक्ष सभागार में संबोधित कर रहे थे। वह दिल्ली से प्रसारित पीएम के संवाद कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े थे। उन्होंने कहा कि पीएम का विजन है कि देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचे। जिसमें प्रदेश का सबसे ज्यादा योगदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गांव को हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा के लिए काम सरकार कर रही है। गांवों में 243 सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। सरकार की मंशा है कि गांव में व्यक्ति को प्रमाण पत्र के लिए जिला व तहसील मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। इसके लिए ग्राम सचिवालय का निर्माण भी कराया गया है। जल्द ही ग्राम सचिवालय में यह सभी सुविधाएं मिलनी शुरू होंगी। साथ ही गांवों में बैंकिंग सुविधा दिलाने के लिए भी सरकार प्रयासरत है। सीएम ने बताया कि गांव में 30 से 32 फीसदी लोगों तक ही इंटरनेट की सुविधा है। इसकी कनेक्टिविटी 90 से 95 फीसदी तक बढ़ाने का उद्देश्य है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने रुद्राक्ष सभागार में ही 5-जी सेवा शुरू होने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ढांचागत विकास में आने वाले बड़े बदलावों का डिजिटली प्रजेंटेशन देखा। इसके बाद प्रधानमंत्री ने दिल्ली से 5-जी सेवा का शुभारम्भ किया। जिस पर सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने हर-हर महादेव से पीएम का स्वागत किया। मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। यहां से वह सर्किट हाउस पहुंचे। यहां थोड़ी देर विश्राम करने के बाद रुद्राक्ष के लिए रवाना हो गये थे। जाकर दर्शन-पूजन किया। यहां से वह गोरखपुर के लिए रवाना हो गये। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल व दयाशंकर मिश्र, एयरटेल के उप निदेशक राजेश भारती मित्तल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री साकेत मिश्रा व सदन तिवारी का हुआ भव्य स्वागत और ग्रामीणों कि सुनी समस्याऐ



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर कोठी में भोला प्रसाद पासवान के आवास पर राज्यमंत्री साकेत मिश्रा का भव्य स्वागत हुआ जिसमें लोगों ने फूल माला से स्वागत किया इस मौके पर पूर्व जिला कमांडेंट पीआरडी आर एल पांडेय व विधानसभा पूर्व प्रत्याशी भोला प्रसाद पासवान बाबूराम पाठक अमित विश्वास डॉक्टर अमृतलाल संत नित्यानंद महाराज रामविलास निषाद .संतोष कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, नफीस अहमद, लाल बहादुर, लहरी बाबू, व पीआरडी जवान मौजूद रहे ग्रामीणों ने अपनी समस्या मंत्री जी से बताई और मंत्री जी ने काम के लिए आश्वासन दिया कि जनहित में काम किया जाएगा और हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा भारत नेपाल सीमा के नजदीक होने के कारण पूरा ध्यान रखने के लिए हर समस्याओं का निदान करने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा और भाजपा सरकार के विकास कार्यों की चर्चा की और बताएं कि भारतीय जनता पार्टी हर समस्याओं का निदान करती है और बराबर गरीब बेसहारा लोगों का सेवा भी करती है और उनके समस्या को सुना जाता है ग्रामीणों ने हिंदू के शमशान पर चर्चा किया और शिकायत दर्ज कराई तो बताया कि इस समस्या का निदान तत्काल प्रभाव से कराया जाएगा जो जनहित में कार्य है उसमें देरी नहीं लगेगी तथा उपस्थित ग्रामीणों को मंत्री जी ने कहा कि किसी को कोई भी समस्या होती है तो मेरा मोबाइल फोन नंबर ले ले और मुझे तत्काल प्रभाव से अवगत कराएं कता और अन्य पार्टियों से लगभग 100 कार्यकर्ता भाजपा पार्टी में दलित के लोग शामिल हुए तथा महिलाएं भी अन्य पार्टियों को छोड़कर भाजपा में शामिल हुई और मंत्री जी ने बताया कि आप लोग भाजपा के नियम व उनके विकास को देखते हुए पार्टी में शामिल हो और पार्टी का प्रचार प्रसार करें और सदस्य भी बनाएं । तथा ग्रामीणों ने राप्ती नदी के किनारे बांध बनवाने के लिए मांग किया जो लक्ष्मणपुर कोठी से परसा डेहरिया तक गजो बरी से बरगा, हसनापुर, होते हुए वीरपुर लौकिहा, शिकारी, पिपराहवा, लक्ष्मणपुर समरहनिया तक मांग किया है राप्ती नदी से बाढ़ आने पर इधर बंधा ना होने के कारण सारा इलाका डूब जाता है और फसल की नुकसान होती है इस संबंध में साकेत मिश्रा ने बताया कि सरकार से अवगत करा कर हर संभव मदद कराया जाएगा

# संचारी रोग नियत्रंण जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना मा0 विधायक



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-प्रदेश सरकार के मंशानुसार जनपद में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान का शुभारम्भ किया गया।मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय ने फीता काटकर एवं संचारी रोग जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।01 अक्टूबर, 2022 से 31अक्टूबर, 2022 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 07 से 21अक्टूबर, 2022 तक दस्तक अभियान चलाकर जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाकर स्वच्छता के प्रति सजग एवं जागरूक करते हुए,विशेष सफाई रखने के लिए जागरूक किया जायेगा।इस अवसर पर मा0 विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है।गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों में संचारी रोगों का खतरा अधिक होता है,इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी,उपजिलाधिकारी आशुतोष ,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा यदुनाथ, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अभय प्रताप,चीफ फार्मासिष्ट के0के0 श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय,विनय कुमार तिवारी, संदीप शुक्ला, आकाश, डब्ल्यू0एच0ओ0 के प्रतिनिधि सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## तहसील अमरिया में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन, सुनी जनता की समस्याएं



सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत तहसील अमरिया जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा तहसील अमरिया के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनता की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

# ब्लॉक के ग्राम धनसिंहपुर में दबंगों पर लाठी डंडों से मारने पीटने का आरोप




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम धनसिंहपुर निवासी सुनीता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कल शाम अपने देवर के साथ मजदूरी करके वापस घर आ रही थी, तभी गांव के ही रहने वाले दबंगों ने रास्ते में घेर लिया और गन्दी गन्दी गालियां देने लगें, सुनीता देवी ने जब विरोध किया तो उन्होंने लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया, जानकारी मिलने पर उसका बेटा अपनी मां और चाचा को बचाने आया तो उसे भी मारा पीटा, जिससे आहत होकर सुनीता देवी ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# जिलाधिकारी एवं एसपी ने जिले का भ्रमण कर मूर्ति विसर्जन स्थलों का लिया जायजा



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने जिले का भ्रमण कर विसर्जन स्थलों/घाटों का जायजा लिया।मूर्ति स्थल से लेकर विसर्जन मार्गों एवं विसर्जन स्थलों पर सभी तैयारियां पहले से ही दुरूस्त कर ली जाएं, ताकि शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से माँ दुर्गा की मूर्ति को विसर्जन सम्पन्न कराया जा सके,जिलाधिकारी ने विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत विसर्जन स्थल बरोह घाट एवं जंगलदास कुटी का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जंगलदास कुटी पर घाटों के साफ-सफाई एवं सीढ़ी निर्माण का कार्य पूरा पाया गया।दोनो स्थलों पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लोगों से मिलकर कुशलक्षेम भी जाना तथा विसर्जन के दिन शान्ति एवं सदभावपूर्ण ढंग से मूर्ति विसर्जन हेतु अपील भी की।

# जन शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये-डीएम

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील बिलारी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (रंदेनदूपणनचण्दपबणपद) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए तथा सामाजिक न्याय, विकास एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को खण्ड विकास अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैक्टर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अर्न्तगत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। आज तहसील बिलारी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्युत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग अन्य विभागों की शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश देते हुए शिकायतें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। जिलाधिकारी ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल, उपजिलाधिकारी बिलारी राजबहादुर सिंह, तहसीलदार बिलारी सारा अशरफ खान, पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सिबिल लाइन पुलिस व चौकी कैम्प पुलिस का सराहनीय कार्य

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन अस्पताल के द्वितीय मंज़िल बच्चा वार्ड में भर्ती पीरज़ादा के मरीज़ के साथ मरीज़ की तीमारदारी कर रही उसकी पुत्री का मोबाइल फ़ोन वार्ड में ही भर्ती दूसरे मरीज़ की तिमारदारी कर रहे मरीज़ के पुत्र ने चुरा लिया था जिसकी सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौक़े पर पहुँची सिविल लाइन की चौकी कैम्प के पुलिस कर्मी पहुँचे और मरीज़ के तिमारदारी कर रही मरीज़ की पुत्री को जिस पर शक था उसके बारे में बताया गया पुलिस के पूछताछ करने पर मोबाइल चोरी करने वाले युवक ने पुलिस को गुमराह करना शुरू कर दिया पुलिस के सख़्ती के साथ पूछताछ करने पर युवक ने मोबाइल चुराने की बात को क़बूल किया जिसके बाद पुलिस ने युवक की निशानदेही से मोबाइल को बरामद कर लिया है जिसके बाद मरीज़ की तिमारदारी में लगी मरीज़ की पुत्री ने सिविल लाइन पुलिस का पूरे मन से आभार व्यक्त किया है।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण मुरादाबाद की बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त मुरादाबाद श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नर सभागार में संभागीय परिवहन प्राधिकार मुरादाबाद की बैठक आहूत की गयी। बैठक में प्रस्तुत मदों पर विस्तृत विचार विमर्श कर प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित पक्षकारों से उनका पक्ष सुना गया तथा विस्तृत विचारोपरांत निर्णय लिया गया। बैठक में मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा (2) के अर्न्तगत मृतक अनुज्ञाधारियों के स्थाई सवारी गाडी के परमिट हस्तान्तरण हेतु प्राप्त दो आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया। संभाग के अराष्ट्रीयकृत मार्गो पर नये स्थाई सवारी गाडी परमिट हेतु प्राप्त चार आवेदन पत्रों में से चार आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया। मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 82(1) के अर्न्तगत मुरादाबाद केन्द से संचालित सीएनजी ईंधनयुक्त आटो रिक्शा के परमिट हस्तान्तरण प्राप्त 102 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया। नियम 124 के अनर्तगत सार्वजनिक सेवायानों द्वारा यात्रा के लिए टिकटो की बिक्री हेतु अभिकर्ता अनुज्ञप्ति जारी करने हेतु प्राप्त 3 आवेदन पत्रों पर सर्वेक्षण आख्या प्राप्त होने के उपरान्त जारी करने का निर्णय लिया गया। संभाग के अराष्ट्रीयकृत /निजी बस मार्गो पर स्थाई सबारी गाडी अनुज्ञा पत्रों से आच्छादित वाहन 54 सीट पर 35 सीट वाहन पृष्ठांकन करने के प्रकरण को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। सीएनजी आटो रिक्शा के परमिट हस्तान्तरण के प्रकरण पर अनुमन्य एक वर्ष के बाद 6 माह का विस्तार इस शर्त के साथ किया गया कि प्रत्येक माह या उसके भाग के लिए रु0 1 हजार प्रतिमाह विलम्ब शुल्क देय होगा तथा अधिकतम बिलम्ब शुल्क रु0 5 हजार देय होगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र बरेली एन0एल0 चैरसिया, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन भीमसेन सिंह, एवं संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन आर0के सिंह, तथा विभिन्न वाहन संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial


# Non-essential convoy

The Indian public may be attracted towards opulence, but it has been a supporter of simplicity since time immemorial and at least expects simplicity the most from its public representatives. However, sometimes some politicians put simplicity to the side. A similar case has come to the fore in Punjab, where the size of the Chief Minister's convoy surprises. After all, why should a Chief Minister walk with a convoy of 42 vehicles? Congress leader Partap Singh Bajwa on Friday criticized Punjab Chief Minister Bhagwant Mann for his 'VVIP culture', not surprising. According to the Right to Information Act, the convoy of the present Chief Minister of Punjab has 42 vehicles, while the convoy of his previous Chief Minister had 39 vehicles, 33 each. Needless to say, even the number 33 is too much, but how will the number 42 be justified? Note that this is not an allegation. This information provided by the Transport Commissioner of Punjab evokes a sense of regret. If this information is wrong, then the Punjab government should make corrections and even if this information is correct, then the Punjab government should consider and make corrections according to tradition and democratic concept. People have had a lot of expectations from the Aam Aadmi Party and the leaders of the Aam Aadmi Party themselves have awakened these hopes among the common people. Therefore, the leaders of this party, which has promised to give alternatives, should be more aware of the conduct according to their promises. It has been the expectation of the people that there should be at least one party, whose leaders do not have much difference in their words and deeds. Today, opposition leaders in Punjab are reminding that when the Chief Minister was not there, then Bhagwant Mann used to question that what do these 'Rajas and Maharajas' do to the convoy of so many vehicles? Will Chief Minister Bhagwant Mann himself now clarify what he is doing with the convoy of 42 vehicles?

When leaders used to have one or two vehicles in their own country, was the country not served? Admittedly, times have changed, security hazards have increased a lot, even if ten more vehicles are added to the five vehicles, are 15 vehicles not enough in the convoy? To what extent is it appropriate to carry a whole army of officers, politicians, workers, policemen, medical personnel, firefighters and general servants even for small tasks? If a Chief Minister has a convoy of 40 vehicles, then at least 120 people are walking with him. Is that so much frills productive work? In our democracy, the journey was from the power of the people to the power of the people, but who took the journey from the power of the people to the power of the people? It was the belief of the people that after defeating the Raja-Maharaja in Punjab, people had given 92 seats out of 117 to the Aam Aadmi Party. Today no ruling party or leader should forget that what was the lifestyle of Gandhiji, the most respected leader of this country till date? Can pretentiousness ever replace simplicity?

# Shama Sikander created a ruckus on the internet with her look, take a look at the picture

Well-known TV actress Shama Sikander dominates the internet not only because of her acting but also because of her boldness. Shama got a special recognition from the TV show 'Yeh Meri Life Hai'. Apart from this, she has also appeared in films and many music videos. Along with acting, Shama is also very active on social media. That Shama is constantly seen surprising the fans with her hot photoshoots. Meanwhile, a latest photoshoot of Shama is going viral. In this, his pose has blown everyone's senses. Bold pose surprised the fans - Shama Sikander has once again proved that no one can beat her in boldness. She has recently done a latest photoshoot, whose picture she has shared on Instagram. She is seen in a black outfit in this picture. At the same time, everyone is losing their senses seeing the way Shama is posing on the stool. On the other hand, talking about her makeup, Shama's smoky makeup is making her look even more beautiful. This picture has been seen many times so far. While commenting on this, the fans are seen praising him.



# Riya Sen did such a bold photoshoot in a bikini, people said- 'She belongs to the royal family'

Bollywood and Bengali film actress Riya Sen is not interested in any identity today. Along with the film family, Riya also belongs to the royal family. He started his acting career at a very young age. She has worked in many films as well as many music videos in Riya's career so far. Along with this, Riya is also known for her bold personality. On social media, Riya often posts her hot and bold photos on social media. At the same time, fans also like his posts a lot. Meanwhile, now a bold picture of her has created a lot of sensation on the internet. Bikini photo created a ruckus - Riya Sen has shared a latest picture of her on Instagram. This photo of him has been clicked by Bollywood's famous photographer Dabboo Ratnani. In this picture, Riya is seen wearing a brown colored bikini. At the same time, she is posing with a guitar in her hand. During this, Riya's hair is open and she is seen posing in a very hot style. At the same time, the sea is visible in his background, which is making this whole photo even more beautiful. Fans are very fond of this photo. Commenting on this, fans are not tired of praising Riya Sen.



# एटा में आनंदा डेयरी और स्टेट बैंक ने किसानों को लेकर एक सयुंक्त कार्यक्रम आयोजित किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा में आनंदा डेयरी और स्टेट बैंक ने किसानों को लेकर एक सयुंक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे 300 किसानों को अनंदा डेयरी के एमडी और एसबीआई बैंक के सीजेएम ने 1.5 करोड़ रुपये का लोन कर किसानो को चेक देते हुए लाभान्वित किया गया, वही महिला द्वारा दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया और जिले के किसानों को भारतीय स्टेट बैंक और आनंदा डेयरी ने ज्वाइंट लायबिलिटी ग्रुप के अंतर्गत 350 महिला एवं पुरूष किसानों को 1.5 करोड़ का लोन न्यूनतम ब्याज पर बिना सिक्योरिटी जमा किए हुए लोन को आनंदा डेयरी चेयरमैन राधेश्याम दीक्षित और भारतीय स्टेट बैंक के चीफ जनरल मैनेजर कल्पेश आवासीय ने द्वारा वितरण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के चीफ जनरल मैनेजर कल्पेश आवासीय ने बताया कि यह लोन उन्हीं किसानों को दिया गया है जो आनंदा डेयरी से जुड़े हुए हैं,जिससे किसानों को पशु पालन करने में प्रोत्साहन मिलेगा और किसानों की आय बढ़ेगी,आनंदा डेयरी के चेयरमैन राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि आनंदा उत्तर प्रदेश के 6000 गांवो के किसानों से सीधे तौर पर दूध खरीद रही है और किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहन किया ,जिससे किसानों की आय बढ़ सके और साथ मैं बताया कि नंदा पशु आहार खल खिलाने से पशुधन तुरंत बढ़ता है, चेयरमैन ने बताया कि आनंदा की डॉक्टरों की टीम निशुल्क काम कर रही है जो गांव गांव में जाकर पशुओं की नस्ल सुधार का कार्य करती है, वही आनंदा डेयरी ने महिलाओं को भी स्वावलंबी बनाने की पहल करते हुए अपने प्लांट में रोजगार देना शुरू कर दिया है, वही आनंदा डेयरी से सीधे तौर पर 3 लाख किसान और किसान महिलाएं पहले से जुड़ी हुई हैं जिनकी पेमेंट डिजिटल की जाती है,आनंदा डेयरी अपने प्लांट में बिना हाथ से टच किए हुए प्रोडक्ट उत्पाद करती है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है।आनंदा डेयरी 卐लोकल फॉर ग्लोबल卐 पर भी काम कर रही है, आनंदा डेयरी के पिलखुआ में स्थित फैक्ट्री से कई उत्पाद विदेशों में भी जाते हैं,इस मौके पर आनंदा डेयरी के डायरेक्टर सूरज दीक्षित, राहुल दीक्षित,एवं भारतीय स्टेट बैंक के जीएम राजेश पटेल, उप महाप्रबंधक राजीव रतना श्रीवास्तव दिल्ली,राकेश डीजीएम जोन आगरा, रवींद्र कुमार आरबीओ 5 आगरा जोन श्रीमंति इंदु ठाकुर मैनेजर दिल्ली ,ब्रांच मैनेजर एटा आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## नाबालिग के अपहरण तथा दुष्कर्म के आरोपी को 14 वर्ष कारावास एवं 1 लाख 30 हजार रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से नाबालिग के अपहरण तथा दुष्कर्म के 01 आरोपी को 14 वर्ष कारावास एवं 1 लाख 30 हजार रुपए के जुर्माने की मिली सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- श्रीमान जी आज दिनांक 30.09.2022 को अभियुक्त अजय पुत्र तुलाराम निवासी बादामपुर थाना पिलुआ जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 219/16 धारा 363,366,376भादवि0 व 4 पोक्सो एक्ट थाना पिलुआ जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 एक्सक्लूसिव पोक्सो कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त को 14 वर्ष कारावास एवं ?1 लाख 30 हज़ार के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## पुलिस ने कराया करीब 80,000 रुपए की अवैध शराब का विनिष्टीकरण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- शराब माफियाओं के कारनामों पर बड़ी कार्यवाही, थाना सकीट पुलिस ने कराया करीब 80,000 रुपए की अवैध शराब का विनिष्टीकरण।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 30.09.2022 को क्षेत्राधिकारी सकीट श्री सुनील त्यागी की उपस्थिति में थाना सकीट पुलिस द्वारा उत्कृष्ट पैरवी करते हुए माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त कर 28 भिन्न-भिन्न अभियोगों से सम्बन्धित मालों का विनिष्टीकरण कराते हुए जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर अवैध शराब नष्ट कराई गई। जिसका विवरण निम्नवत है- 1. 2000 लीटर देशी व अवैध कच्ची शराब कुल अनुमानित कीमत 80,000 रूपये

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय विशेष शिविर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय, एटा उ.प्र. की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का द्वितीय विशेष शिविर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय, एटा के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रेमीराम मिश्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला आबकारी अधिकारी श्री अभय गंगवार, महाविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक डॉ प्रवेश कुमार पांडेय, एन.एस.एस. एटा के जिला समन्वयक व भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ सुनील विप्रा, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सचान मौजूद रहे। इस शिविर के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गयीं- विशेष शिविर की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना की शपथग्रहण के साथ हुआ।शपथग्रहण के उपरांत, वालेंटियर्स ने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता का प्रचार-प्रसार किया। जिलाधिकारी कार्यालय एटा के दिनांक 21 सितंबर 2022 के कार्यालय आदेश सं.550/ जि.आ.आ./अमृत महोत्सव/एटा/ 2022-23 के अनुपालन के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी श्री अभय गंगवार ने वालेंटियर्स को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध शपथ दिलाई। श्री गंगवार ने अपने संबोधन में संविधान के राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व खंड के अंतर्गत वर्णित अनुच्छेद 47 का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए बताया कि संविधान राज्य को निदेशित करता है कि राज्य अपने लोगों के पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने और लोक स्वास्थ्य के सुधार को अपने प्राथमिक कर्तव्यों में मानेगा तथा राज्य विशिष्टतया, मादक पेयों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक औषधियों के, औषधीय प्रयोजनों से भिन्न, उपभोग का प्रतिषेध करने का प्रयास करेगा। उन्होंने भारत की प्रगति के लिए युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने सरकार की मंशा को स्पष्ट करते हुए कहा कि आबकारी विभाग नशे को बढ़ाने के लिए नहीं है बल्कि यह इसलिए है कि जो लोग इसके आदी हैं उन्हें जहरीली शराबखोरी से बचाया जाए ताकि अनावश्यक जनहानि न हो। शराब पर हैवी ड्यूटी लगाने के पीछे भी यही उद्देश्य है कि शराब इतनी मँहगी हो कि लोग इसे कम से कम खरीदें और हतोत्साहित हों। राष्ट्रीय सेवा योजना के एटा जिला के समन्वयक डॉ सुनील विप्रा ने नशे को मानवमात्र के लिए हानिप्रद बताया। उन्होंने कहा कि आदि मानव से विकास करते हुए मनुष्य चेतनता के बल पर आज होमो सैपियंस सैपियंस की स्थिति में पहुंचा है। नशीले पदार्थ हमारी इस विकास यात्रा को प्रतिगामी बनाते हैं। वे हमारी चेतना को स्तर को घटाने का काम करते हैं। अत: मनुष्य मात्र को नशे से सावधान रहने की आवश्यकता है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एन.एस.एस. के वालेंटियर्स ने विविध प्रस्तुतियां दीं। वालेंटियर सौरभ वर्मा ने तमिलनाडु के लोक परिधान की प्रस्तुति दी और इस परिधान से जुड़ी हुई अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां स्वयंसेवकों से साझा कीं।ड़े की थीम 'विविधता में एकता' पर विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने बताया कि भारत की सांस्कृतिक एकता सदियों पुरानी है। आदि शंकराचार्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे अद्वैत वेदांत के इस महान आचार्य ने मात्र बत्तीस वर्ष की जिंदगी में भारत को उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से एकता के सूत्र में पिरो दिया था। आज उत्तर में स्थित बदरिकाश्रम पीठ , दक्षिण में श्रृंगेरी पीठ, पूरब में पुरी पीठ और पश्चिम में द्वारका पीठ इन्हीं की देन है। यह हमारी धार्मिक-सांस्कृतिक एकता ही थी जिसने सदियों वाह्य आक्रांताओं के थपेड़े सहने के बावजूद हमारी हस्ती को मिटने नहीं दिया जबकि ऐसे ही आक्रमणों के सैलाब में यूनान, मिस्र, रोम आदि बड़ी बड़ी सभ्यताएं इतिहास के पन्नों तक सिमट कर रह गईं। उन्होंने देशवासियों, विशेषकर युवाओं का आह्वान किया कि आप सभी तरह के भेदभाव को मिटाकर एक समरसतापूर्ण समाज की रचना कर इस भारत राष्ट्र को विश्वगुरू बनाने के लिए कार्य करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ. भारत भूषण सिंह परिहार ने आज के सभी कार्यक्रमों में वालेंटियर्स के प्रतिभाग की सराहना की। उन्होंने आगे भी इसी तरह कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करते रहने की प्रेरणा दी साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रम अधिकारियों - श्री संजय यादव, श्रीमती जया गुप्ता एवं डॉ रत्नेश कुमार मिश्र के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ शकील अहमद, डॉ संजीव मिश्र, डॉ अनुराग दुबे, डॉ अनूप चतुर्वेदी, श्री शुभम यादव, डॉ मनोज चौधरी, डॉ हर्षा शर्मा, श्री अशोक जैन, श्री अनूप सक्सेना,श्री आलोक रंजन वशिष्ठ, श्री विनीत पाठक, श्री गौतम आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

# पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारियों की ली अपराध समीक्षा बैठक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले में विजिबल पुलिसिंग, महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्य, नवरात्रि-दशहरा पर्व के मद्देनजर सक्रियता के साथ पेट्रोलिंग, दुरूस्त यातायात व्यवस्था, लंबित अपराध, शिकायतों का तेजी से निराकरण कराने, अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने, लंबित मामलों का जल्द निराकरण करने, फरियादियों की समस्याएं संवेदना पूर्वक सुनने कहा। थाना के कार्यो को बेहतर रूप से संचालित नहीं करने वाले प्रभारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के लिए चेताया। यह निर्देश पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने शनिवार, 01 अक्टूबर को जिला पुलिस कार्यालय सभागार में अपराधों की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। वे सख्त तेवर में नजर आए और हर हाल में बेहतर पुलिसिंग व अच्छी कार्यवाही के लिए जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया। अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को कहा कि जिले में विजिबल पुलिसिंग के तहत संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी दिखनी चाहिए, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए, अपराधिक घटना की सूचना पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को फौरन गिरफ्तार करें, अवैध कारोबार को पनपने न दे, क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत कर अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। यातायात व्यवस्था को दुरूस्त बनाए रखे और इसके लिए जरूरी कदम उठाए, सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए बड़े-छोटे वाहनों में आगे और पीछे रेडियम लगाने के लिए वाहन मालिकों को निर्देश करने कहा। पीड़ित क्षतिपूर्ति के तहत राहत प्रकरण तैयार कर शीघ्र भेजने, लंबित अपराधों को जल्द से जल्द निराकरण करने, लंबित शिकायत, चिटफंड मामलों में विशेष रुचि लेकर निराकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सायबर से संबंधित मामलों में सतकर्ता बरतने तथा थाना क्षेत्र के लोगों को सतर्क रखने एवं गुम बालक बालिकाओं के प्रकरणों में तत्काल टीम गठित कर खोजबीन करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी सहित जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे। विजिबल पुलिसिंग पर रहेगा जोर। ओं-छात्राओं को बताए और उसे अधिक से अधिक डाउनलोड कराए। सक्रिय पेट्रोलिंग कर क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी के निर्देश।* पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नवरात्र व दशहरा पर्व में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक आदि की सहभागिता होती है जिसे दृष्टिगत रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के साथ-साथ सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। थाना-चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों के दुर्गा पण्डालों, विभिन्न आयोजनों के साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रिय मौजूदगी बनाए रखे तथा सतर्कता के साथ पेट्रोलिंग कर संदिग्धों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए

# पत्नी की हत्या करने वाले हत्यारे पति को झिलमिली पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दिनांक 30.09.22 को झिलमिली थाना क्षेत्र के ग्राम भाड़ी निवासी लालमन ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि उसकी बहन कुलमेत का शव संदिग्ध अवस्था में ग्राम भाड़ी के जर्जर स्कूल के पास मिला है सूचना पर मौके पर थाना झिलमिली पुलिस टीम पहुंची, शव संदिग्ध अवस्था में होने से एफएसएल टीम अम्बिकापुर को घटनास्थल बुलाया गया। एफएसएल अधिकारी की उपस्थिति में घटनास्थल निरीक्षण एवं शव पंचनामा की गई। शव निरीक्षण, गवाहों के कथन से एवं घटना प्रथम दृष्टा हत्या प्रतीत होने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना झिलमिली में अपराध क्रमांक 120/22 धारा 302, 201 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली पुलिस के द्वारा द्वारा मृतिका के पति विनोद बरगाह जो विगत दो-तीन दिनों से गांव से गायब था जिसे तलब कर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने अपनी पत्नी कुलमेत की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी के द्वारा उसे छोड़ देने की बात कहती थी जिससे क्षुब्ध होकर ग्राम भाड़ी स्थित खेत के पास पत्थर से सिर में मारकर पत्नी की हत्या कर दिया और शव को वहीं के स्कूल के पास ले जाकर छुपा दिया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पत्थर जप्त कर आरोपी विनोद बरगाह पिता शिवप्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम अवराडुग्गू, थाना विश्रामपुर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नरेंद्र सिंह, एसआई हिम्मत सिंह शेखावत, एएसआई पास्कल लकड़ा, प्रधान आरक्षक अल्बिनुस तिर्की, महेन्द्र यादव, सुशील तिवारी, आरक्षक भीमेश आर्मो, राकेश सिंह, चन्द्रदेव मरावी, नोबील लकड़ा, अवधेश पैकरा, अचल गुप्ता, रामदयाल राठिया, झूमुक सिदार, दिनेश ठाकुर, सैनिक अनिल विश्वकर्मा व राकेश सोनी सक्रिय रहे।

# जोताई करते हुए ट्रैक्टर पलटने से दर्दनाक मौत



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर- थाना चांदनी क्षेत्र? अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिहारपुर में मुक्ताराम विश्वकर्मा के खेत की जोताई करने पहूंचा सोल्ड ट्रैक्टर जांन डियर 5036D जोताई करते समय क्यारी में चक्का जाने से पलट गया जिसमें ट्रैक्टर के दबने से वाहन चालक ग्राम मलगो मध्यप्रदेश निवासी तुलसीदास यादव की दर्दनाक मौत हो गई जिसेबी मशीन से काफी देर मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया तब तक मौत हो चुकी थी।

# अमरिया में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने बृहस्पति बाजार का फीता काटकर किया उद्घाटन



सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत तहसील अमरिया रामलीला बाजार का उद्घाटन फीता काटकर शुभारंभ किया, जनता को किया संबोधित बीजेपी हर धर्म के लोगों का कर रही है विकास-राज्यमंत्री, मंत्री बोले जिस गांव में लड़ाई झगड़े नहीं होंगे गांव होगा सम्मानित, थाना प्रभारी और एसडीएम को सूची बनाने के दिए निर्देश, सम्मानित गांव को 50 हजार रुपए का दिया जाएगा पुरस्कार, राज मंत्री संजय सिंह गंगवार इस कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख निशान सिंह उर्फ श्याम सिंह चंद्र शेखर त्यागी एडवोकेट सुरेश गुप्ता आशीष गुप्ता ग्राम प्रधान मिन्नू मियां मियां मेला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता

# करंजी पुलिस ने छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप की दी जानकारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- छत्तीसगढ़ पुलिस ने महिलाओं, बच्चियों की सुरक्षा और शिकायतों का समाधान करने के लिए बेहद उपयोगी ऐप बनाया है जिसमें दो फीचर्स से लैस इस ऐप का नाम ''अभिव्यक्ति'' है। लोकेशन के हिसाब से एसओएस का बटन दबाते ही यूजर के पास तुरंत पुलिस सहायता पहुंचेगी। ऐप के माध्यम से महिलाएं कहीं से भी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी। महिलाओं-छात्राओं की सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से बनाए गए इस अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी से अवगत कराने व इसके प्रचार-प्रसार को लेकर सूरजपुर जिले के करंजी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, और मोबाइलो में ऐप्स डाउनलोड कराया जा रहा है। जिसके तहत चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी द्वारा क्षेत्र के स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, समूह के महिला, छात्रावास डोर टू डोर में जाकर छात्राओं व महिलाओं को इसके बारे में जागरूक कर विपरित परिस्थितियों, कठिनाईयों अथवा किसी प्रकार की समस्या पर कैसे इसका इस्तेमाल कर तत्काल पुलिस की सहायता ली जा सकती है उसकी जानकारी से अवगत कराया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निर्देश पर सीएसपी जीपी भारतेंदु के मार्गदर्शन में पुलिस के द्वारा अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगिता के प्रति महिला-छात्राओं को जागरूक करने अपील किया। चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने स्कूली छात्राओं को कहा कि इस एप के इस्तेमाल के लिए सबसे पहले महिला-बालिकाओं को अपने मोबाइल फोन में प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप डाउनलोड करना है। इसमें उन्हें साइन इन करना है, अपना मोबाइल नंबर डालना है, ओटीपी आएगा उसे एप में डालना है, केवायसी अपडेट करना है, जिसके बाद महिलाएं कभी भी इस एप के माध्यम से अपनी शिकायत अपलोड कर तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती है। शिक्षकों व छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि यह ऐप महिला सुरक्षा के लिए बनाया गया है इसकी उपयोगिता की जानकारी से दूसरे छात्रों, रिश्तेदारों, आसपड़ोस के महिलाओं को जरूर अवगत कराए ताकि वे किसी कठिनाई के समय इस अभिव्यक्ति ऐप का उपयोग कर पुलिस सहायता ले सके। इस दौरान प्रधान आरक्षक सुनील भारती, राजकुमार सिंह आरक्षक कृष्णकांत पांडे, सीपी पाल, राजू तिवारी, सत्यनारायण सिंह, जितेंद्र सिंह, इमरान खान, दीपक व अन्य मौजूद रहे।

# आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज , मेरठ कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में नवरात्रि पर्व की धूम,विभागाध्यक्ष राजीव शर्मा द्वारा नकद पुरस्कार पाकर चहके प्रतिभागी

एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मेरठ- आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज मेरठ ने सी एस.ई.डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम प्रभारी शिवानी अग्रवाल के कुशल नेतृत्व तथा विभाग अध्यक्ष राजीव शर्मा की प्रेरणा स्वरूप नवरात्रि पर्व पर पूजा और प्रार्थना के साथ-साथ अपनी कलात्मक अभिरुचियों का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विभिन्न समूहों ने खूबसूरत रंगोली से आईआईएमटी के कॉरिडोर को सजा दिया। चिराग बंसल ने बोलते हुए कहा कि विद्यार्थी होने के नाते अगर हम व्रत नहीं भी कर सकते ,तो किसी भूखे को खाना खिला कर गरीब की सेवा कर तथा सदाचरण द्वारा मां दुर्गा के चरणों में अपनी सेवा अर्पित कर सकते हैं। सौम्या सिंह ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति से सभी को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया,वहीं दूसरी ओर विदुषी सामंत के नृत्य ने कार्यक्रम में जान डाल दी।इस अवसर पर अखिल सिंह ,आयुष रस्तोगी एवं अभिषेक कुमार द्वारा माता के नौ स्वरूपों का कलात्मक रूप से मंचन किया गया। इस खूबसूरत कार्यक्रम का मंच संचालन रचित गर्ग एवं तनुश्री शर्मा ने किया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ संजीव माहेश्वरी ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया तथा ज्यादा से ज्यादा बच्चों को मंच पर आने के लिए प्रोत्साहित किया ,क्योंकि इवेंट मैनेजमेंट कारपोरेट की एक बहुत बड़ी आवश्यकता है ।अंत में संस्था के विभागाध्यक्ष द्वारा रंगोली में विजयी बच्चे कनिष्का सागर ,विशाल कुमार एवं गुंजन शर्मा तथा उनकी टीम को नकद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वासु सिंघल, विशाल कुमार, कार्तिक, विभु पाराशर, कनिष्का सागर, एवम फैकल्टी आशु सिंह, रेनू कुमार तथा सिमर सिंह का विशेष योगदान रहा।

# अल दुआ मीट फैक्ट्री घटना में सरकार ने तत्काल संज्ञान लिया है जांच के आदेश दिए हैं जांच में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि मीट फैक्ट्री में गैस रिसाव से मजदूर गैर हो सो गए थे घटना में मुख्य अभियुक्त मीट फैक्ट्री संचालक एवं मालिक को गिरफ्तार किया जाए क्षेत्र में अमरपुर कोंडला अन्य ग्रामों के आसपास जितनी भी मीट फैक्ट्रियां चल रही है आम जनता के लिए जानलेवा चल रही है संचालक मनमानी तरीके से म्यूट फैक्ट्रियां चला रहे हैं जिससे आसपास के लोगों में तरह-तरह की बीमारियां तक फैल रही इस मीट फैक्ट्री में जो गैस रिसाव हुआ है इससे मजदूरों को गैर हो सी का सामना करना पड़ा है इसकी जांच कराई जाए फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार किया जाए जो फरार चल रहा है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि इस घटना को लेकर सरकार सक्रिय हो गई है जांच के आदेश हो चुके हैं कट्टी घरों के माफिया की खैर नहीं है कट्टी घरों वाले अभी भी नहीं जानते उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है अवैध कट्टी घर किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि यहां हुई अवैध कट्टी घर चल रहे हैं ऊपर भी कार्वाई होनी चाहिए अमोनिया गैस रिसाव से बेहोश हुई महिला एवं पुरुष जो इस समय मेडिकल में भर्ती है उनसे जानकारी की जाए इसी कट्टी घर को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए किसी भी तरह की कोई कोताही न बरती जाए उत्तर प्रदेश सरकार ने तत्काल संज्ञान लिया है जांच के आदेश दिए हैं जांच में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी माननीय मुख्यमंत्री के आदेश की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# महक होटल के निकट पलटी कार हादसे में एटा के पिता व पुत्री की मौत चार की हालत गंभीर

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





अलीगढ-अकराबाद - शनिवार सुबह एटा से एक मरीज व उनके परिवार के लोगों को लेकर जेएन मेडिकल कालेज अलीगढ़ जा रही एक कार पनेठी क्षेत्र में महक होटल के समीप पलट गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसा होते ही आसपास के तमाम लोग मौके पर जुट गये। राहगीरों की सूचना पर पनेठी चौकी इंचार्ज सुभाष मलिक फोर्स के साथ मौके पर आ गये और सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जेएन मेडिकल कालेज अलीगढ़ भेजा।

एटा के मोहल्ला श्याम नगर निवासी लालबाबू पुत्र गंगा सहाय की काफी दिनों से तबीयत खराब चल रही है। शनिवार की सुबह परिवार के लोग कार द्वारा उन्हें जेएन मेडिकल कालेज अलीगढ़ दिखाने ले जा रहे थे। उनकी कार जैसे ही पनेठी क्षेत्र में समय करीब सुबह छ: बजे महक होटल के पास पहुंची तभी तेजरफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे जाकर खाई में पलट गई। हादसा होते ही आसपास के लोग व राहगीर मौके पर आ गये और हादसे की पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पनेठी पुलिस चौकी इंचार्ज सुभाष मलिक फोर्स के साथ मौके पर आ गए और घायल विजय सिंह पुत्र भगवती प्रसाद, पीयूष पुत्र विजय सिंह, मलोदा देवी पत्नी लालबाबू,लालबाबू पुत्र गंगा सहाय,महकी देवी पत्नी विजयकुमार निवासी श्याम नगर एटा, मुकेश कुमार भारद्वाज पुत्र भगवती प्रसाद निवासी बड़ा बाजार अतरौली को एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ भेजा जहां डाक्टरों ने महकी देवी ( 45 ) व उसके पिता लालबाबू ( 75 ) को मृत घोषित कर दिया। दोनों की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण


लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भारतीय जनता युवा मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजयुमो मंडल अकराबाद पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में विशाल वृक्षा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कस्बा अकराबाद के इंटर कालेजों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एवं अन्य स्थलों पर पौधा रोपण किया गया। राष्ट्रीय इंटर कालेज में डा.आर एन यादव, सीएचसी पर डा.ब्रजेश कुमार जेपी अस्पताल पर डा.बिबेक उपाध्याय सहित इस अवसर पर वृक्षा रोपण अभियान छर्रा विधान सभा संयोजक अमित ठाकुर, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी पंकज कश्यप, सौरभ, अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रसव के बाद प्रसूता की हुई मौत परिजनों ने सीएचसी स्टॉफ पर लगाया लापरवाही का आरोप जमकर किया हंगामा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-अकराबाद - थाना क्षेत्र के गांव गोपी निवासी एक प्रसूता महिला की प्रसव के दौरान अकराबाद सीएचसी में मौत हो गई। जिससे मृतका के परिजनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। परिजनों ने महिला की मौत को लेकर सीएचसी स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया है। गांव गोपी निवासी रामगोपाल पुत्र बनबारी ने बताया है कि शुक्रवार की दोपहर पत्नी ममता देवी को प्रसव पीड़ा होने के चलते सीएचसी अकराबाद लेकर आया था। जहां शाम समय करीब छ: बजे सामान्य प्रसव के द्वारा बेटा पैदा हुआ। थोड़ी देर बाद ही पत्नी ममता की बेचैनी और घबराहट होने लगी। देखते ही देखते वह बेहोश हो गई उसने बार-बार स्टाफ से देखने के लिए कहा लेकिन स्टाफ की लापरवाही के चलते पत्नी की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में स्टाफ ने उसे एंबुलेंस से अलीगढ़ मलखान सिंह जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही ममता 20 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद उसके परिजन महिला के शव को लेकर सीएचसी अकराबाद आये। इसी बीच महिला की मौत की सूचना पर प्रसव के बाद सीएचसी अकराबाद पर गांव के तमाम लोग भी आ गए। जहां मृतका महिला के परिजनों ने सीएचसी स्टाफ नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए। जमकर हंगामा करने लगे तभी हंगामे की सूचना पर पुलिस आ गई किसी तरह परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया। अचानक तबीयत खराब हो गई। जिस पर प्रसूता को जिला अस्पताल के लिए एंबुलेंस के द्वारा रेफर कर दिया था।

# नही दूर हो रही सड़क की बदहाली आवागमन बाधित



डॉ बी पी त्रिपाठी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा-उतरौला ग्रामीण ग्रामसभा के तीन मजरों आठ हजार से अधिक की आबादी के लिए विकास का पहिया दशकों से थमा हुआ है। संपर्क मार्ग की बदहाल स्थिति के चलते एंबुलेंस भी पस्त हो जाती है। तीन मीटर्की चौड़ाई में तीन किलोमीटर लंबी सड़क में कहीं भी सुरक्षित पैदल चलने तक के लिए नहीं है। पूर्व विधायक श्याम लाल वर्मा के कार्यकाल में बनाई गई डामरीकृत सड़क की बदहाल स्थिति भारतीय इंटर कॉलेज से शुरू हो जाती है।

राजाजोत, गोसाईंजोत व लक्ष्मीनगर गांवों के लोगों के इस एक मात्र मार्ग पर जगह-जगह नुकीली गिट्टियां लोगों को चोटिल कर रही हैं। हल्की सी बारिश के बाद सड़क के बगल की पतली सी पगडंडी पर फिसलन बढ़ने के बाद तो चोटिल होने वालों की संख्या और बढ़ जाती है। ग्रामीण बबलू बताते हैं कि तीनों गांवों में मतदाताओं की संख्या लगभग दो हजार की है। लोकसभा, विधानसभा व पंचायत चुनावों में गांव के विकास की उम्मीद में मतदान करने के बाद भी मूलभूत जरूरतों से वंचित हैं। जयकुमार का कहना है कि गांव के सिर्फ पांच प्रतिशत लोग ही सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों में नौकरी करते हैं। शेष महिला-पुरुष आमतौर पर मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। इन मजदूरों के लिए भी सड़क की बदहाली दूर होनी चाहिए। ताकि वे सुरक्षित रूप से रोजगार पर जा सकें। जीना नाथ का कहना है कि बरखंडी मंदिर के बगल स्थित शवदाह स्थल जाने का यही प्रमुख मार्ग है। नंगे पांव शव ले जाने वालों के पैर जख्मी हो जाते हैं। बार-बार विकास विभाग व नगर पालिका को प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। विद्या देवी बताती हैं कि गांव की महिलाओं व बेटियों को टीका लगवाने, दवाई लाने के लिए जाते समय पैदल चलने में काफी परेशानी होती है। गांव में अचानक बीमार तय होने की स्थिति में ठेले पर लाद कर अस्पताल ले जाना पड़ता है। अगर सड़क ठीक हो जाए तो ई-रिक्शा का भी आवागमन हो सके।

# फल, सब्जी व गल्ला मंडी में व्यापारी जेब कतरों से परेशान

डॉ बी पी त्रिपाठी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा-करनैलगंज- करनैलगंज की फल, सब्जी व गल्ला मंडी में व्यापारी जेब कतरों से परेशान हैं। यहाँ आने वाले व्यापारियों की जेबें कटना आम बात हो गई है। बीते तीन दिनों में कई व्यापारियों की जेब कट गई। मंडी से सब्जी खरीद कर गांव देहात में बेचने के लिए आने वाले व्यापारियों की जेब कट गई।




जिसमें अनोखे लाल निवासी ग्राम रामापुर सब्जी खरीदने आया था उसके जेब से 7000 रुपये जेब कतरों ने उड़ा दिया। इसी तरह शेरू निवासी सकरौरा चौक घण्टाघर पर सब्जी की दुकान करता है उसका भी 6500 रुपये कट गया। एक अन्य व्यापारी का मंडी में 9 हजार रुपये जेब कतरों ने निकाल लिया। यहां सुबह 6 बजे से 10 बजे तक मंडी लगती है। जिसमें आसपास व जिला मुख्यालय के तमाम व्यापारी फल व सब्जी लेने आते हैं। मगर यहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नही है। मंडी में दो होमगार्ड की ड्यूटी रहती थी वह भी इस समय मौजूद नही रहते हैं। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि इस प्रकार की कोई जानकारी या तहरीर प्राप्त नही हुई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आहवान पर गोंडा के मेन ब्रान्च के साथ करनैल गंज और नबाबगंज सेटेलाइट ब्रान्च में अभिकर्ताओं का काम काज बंद होने से हड़ताल पूर्ण सफल रहा

# मैं भारत हूँ-शाकिब

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणासी।।महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर देश की आदर्श प्रतिमाओं की स्वच्छता की शुरुआत हम भारत हैं संस्थान कर रही माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेणना से देश भर में सड़क चौराहों पर लगी आदर्श प्रतिमाओं की सफाई आ आह्वान साकिब भारत ने प्रेस वार्ता कर शुरू किया साक़ीब भारत ने बताया कि देश भर में उन विभूतियों का सम्मान सबसे ज़रूरी जिन्होंने देश मे अपनी मुख्य रूप से भागीदारी निभाई उन तमाम विभूतियों की प्रतिमाएं सड़क चौराहों पर लगी धूल मिट्टी से गंदी हो रही उनकी स्वच्छता की ज़िम्मेदारी किसी ने आजतक न ली ऐसे में हम भारत है अभियान ट्रस्ट देश भारत मे वीर जवानों,वीर शहीदों,स्वतंत्रता सेनानियों आदि की प्रतिमाओं को हर रविवार साफ सुथरा कर उन्हें सम्मानित करेगा, प्रेस वार्ता कर रहे राष्ट्रीय महासचिव विशाल भारत ने कहाँ की जिन्होंने देश मे स्वच्छता की अलख जलाई महात्मा गांधी जी ने आज उनकी ही प्रतिमा धूल खाती नज़र आती है ऐसे में ये कदम उन विभूतियों को सम्मान देकर उनके किये योगदान को और महत्वपूर्ण बनाएगा, हम भारत है अभियान के जिलाध्यक्ष सलमान खुर्शीद ने कहाँ ये कदम हम सबको पहले उठाना चाहिए था लेकिन देर सही हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस विषय पर गभीरता से सोचा,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गोपाल भारत ने कहाँ हम सब देश भर में एक कदम स्वच्छता की ओर बड़ा रहे जिन्होंने अनेको देश पर उपकार किये,बनारस के महानगर अध्यक्ष सुभान भारत ने कहाँ की हम सब युवा साथी गांधी जयंती वाले विशेष दिन से स्वच्छता की शुरुआत कर बनारस से संकल्प लेकर महात्मा गांधी की प्रतिमा से इस महाअभियान की शुरुआत करेंगे,प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से साकिब भारत, विशाल भारत, गोपालभारत, सलमान, खुर्शीद, सुभान भारत, अमित मिश्रा,शाहिद खान आदि शामिल रहे।।

# नवरात्रि का छठवां दिन : मां कात्यायनी का दर्शन-पूजन कर धन्य हुए श्रद्धालु, मां की भक्ति से मिलती है रोग-शोक से मुक्ति

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणस- ।भारतीय जनता पार्टी की महिला महानगर उपाध्यक्ष ऋचा सिंह ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि की षष्ठी तिथि मां कात्यायनी की पूजा को समर्पित है।मां दुर्गा का यह छठा स्वरूप बहुत करुणामयी है। माना जाता है कि मां दुर्गा ने अपने भक्तों की तपस्या को सफल करने के लिए यह रूप धारण किया था। पौराणिक कथा के अनुसार देवी दुर्गा ने महर्षी कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर उनके घर में पुत्री के रूप में जन्म लिया था। वही अपना दल महिला मोर्चा से अनिता पटेल ने कहा कि महर्षी कात्यायन की पुत्री होने के कारण ही मां दुर्गा के इस रूप का नाम कात्यायनी रखा गया। इसके साथ ही आगे चलकर मां कात्यायनी ने दैत्य महिषासुर का वध किया तो उन्हें महिषासुर मर्दनी भी कहते हैं। वाराणसी में भी शनिवार को चौक स्थित माता कात्यायनी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्त देवी के दिव्य व भव्य चतुर्भुज स्वरूप के दर्शन कर निहाल हो गए। आगे समाजसेवी प्रिया राजपूत ने कहा कि हल्दी व दही का लेप करने से देवी प्रसन्न होती हैं और कुंवारी कन्याओं को योग्य वर का आशीर्वाद देती हैं। देवी कात्यायनी के दर्शन के लिए भक्तों की लाइन सुबह से ही लग गई। लोगों ने विधिविधान से माता के दर्शन-पूजन किए। ऐसी मान्यता है कि कत नामक ऋषि की घोर तपस्या से प्रसन्न होकर नवदुर्गा उनकी पुत्री के रूप में प्रकट हुईं। अंत मे माया जैसवाल ने बताया कि अश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्मी भगवती ने शुक्ल पक्ष की सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी तक ऋषि कात्यायन की पूजा ग्रहण की और दशमी के दिन महिषासुर का वध किया था। इनका स्वरूप अत्यन्त भव्य एवं दिव्य है। भगवती चार भुजाओं वाली हैं। एक हाथ वर मुद्रा दूसरा अभय मुद्रा में है।

## कोर्ट में औषधालय खोलने हेतु अधिवक्ताओं के मांग-पत्र पर सीएमओ ने लिखा महानिदेशक को पत्र




डॉ बी पी त्रिपाठी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोण्डा- कचेहरी परिसर में औषधालय खोलने और मांग पर जरूरत अनुसार एम्बुलेंस भेजने की मांग डा राजेश कुमार मिश्र संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने किया था। जिसके पक्ष में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र लिखकर अधिवक्ताओं की मांग पर विचार करने का आग्रह किया है।

## छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक आयोजन के सम्बन्ध मे परियोजना निदेशक ने ली बैठक

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही - छत्तीसगढ की पारंपरिक खेल विधाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन के खेल एवम युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर आगामी 6 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। आयोजन की समुचित तैयारी के सम्बन्ध मे परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे ने आज बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिला पंचायत के सभा कक्ष मे आयोजित बैठक में सभी खण्ड शिक्षा आधिकारी , खण्ड श्रोत समन्वयक, खेल अधिकारी, सीईओ जनपद, व्यायाम शिक्षक तथा सहायक परियोजना आधिकारी उपस्थित थे।